राजस्थान पत्रिका

ऐश्वर्या कॉलेज में एनसीसी की रैंक सेरेमनी



ऐश्वर्या कॉलेज में एनसीसी की रैंक सेरेमनी में मौजूद कैडेट्स।

पत्रिका plus रिपोर्टर

जोधपुर @ पत्रिका. ऐश्वर्या कॉलेज में 3 राज एनसीसी गर्ल्स बटालियन की ओर से विभिन्न गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली एनसीसी कैडेट्स को रैन्क प्रदान करने के लिए रैन्क सेरेमनी आयोजित की गई। जिसमें 3 राज एनसीसी बटालियन के कमाण्डिग ऑफिसर कर्नल अभिषेक चतुर्वेदी, सूबेदार मेजर अजीत सिंह तथा कॉलेज के प्राचार्य डॉ ऋषि नेपालिया, एनसीसी अधिकारी हेमलता नाथावत एवं डॉ राजेश चौधरी के साथ साथ 3 राज एवं 4 राज एनसीसी के कैडेट्स उपस्थित थे।

कॉलेज की एनसीसी अधिकारी हेमलता नाथावत ने बताया कि इस कार्यक्रम में एनसीसी की विभिन्न गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्षन करने वाली एनसीसी कैडेट्स को विभिन्न श्रेणियों में रैन्क प्रदान किये गए। इसके अन्तर्गत वर्तिका मलहोत्रा को अण्डर ऑफिसर, करिश्मा कंवर को सार्जेन्ट, करिश्मा, जयश्री एवं शोभा को कॉर्पोरल तथा दीक्षा, नीतू, तक्षिला, तनु, दीपिका एवं प्रतिभा को लांस कॉर्पोरल की रैन्क से नवाजा गया। कॉलेज निदेशक भूपेन्द्रसिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों को एनसीसी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को पढाई के साथ साथ इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए ताकि उनके व्यक्तित्व में सकारात्मक गुणों का समावेश हो सके।

दैनिक भास्कर

जोधपुर 19-02-2022

ऐश्वर्या कॉलेज में एनसीसी की रैंक सेरेमनी

जोधपुर| ऐश्वर्या कॉलेज में 3 राज एनसीसी गर्ल्स बटालियन की ओर से विभिन्न गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली एनसीसी कैडेट्स को रैंक प्रदान करने के लिए रैंक सेरेमनी आयोजित की गई। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अभिषेक चतुर्वेदी, सूबेदार मेजर अजीत सिंह तथा कॉलेज प्राचार्य डॉ. ऋषि नेपालिया, एनसीसी अधिकारी हेमलता नाथावत एवं डॉ. राजेश चौधरी के साथ 3 राज एवं 4 राज एनसीसी के कैडेट्स उपस्थित थे। इसके अन्तर्गत वर्तिका मलहोत्रा को अंडर ऑफिसर, करिश्मा कंवर को सार्जेन्ट, करिश्मा, जयश्री एवं शोभा को कॉर्पोरल तथा दीक्षा, नीतू, तक्षिला, तनु, दीपिका एवं प्रतिभा को लांस कॉर्पोरल की रैंक से नवाजा गया। इस दौरान कर्नल अभिषेक चतुर्वेदी, कॉलेज निदेशक भूपेन्द्रसिंह राठौड़ आदि भी उपस्थित थे। संचालन कैडेट करिश्मा कंवर और वर्षा जांगिड ने किया।